हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 24 सितंबर 2026

06 किले से निकले 400 वर्ष पुराने डोल धीरपुर तालाब में हुआ जल विहार

09 शराब के खिलाफ महिलाओं ने सरकारी ठेके की दुकान पर की तोड़फोड़

राधौगढ़ | मुंगावली| आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय| ईसागढ़

समाचार संक्षेप

25 और 26 सितंबर को दो दिवसीय आधार शिविर, सुबह 10 से शाम 4 बजे तक मिलेंगी आधार संबंधी सुविधाएं

गुना। आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गुना डाक संभाग द्वारा आधार नामांकन एवं आधार में आवश्यक अपडेट की सुविधा अधिक से अधिक नागरिकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से केंद्रीय संचार मंत्री एवं गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के जनसंपर्क कार्यालय आंबेडकर चौराहा, गुना में दो दिवसीय आधार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अधीक्षक डाकघर गुना ओपी चतुर्वेदी ने बताया कि केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के मार्गदर्शन में डाक विभाग की विभिन्न महत्वपूर्ण सेवाओं एवं योजनाओं को समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में गुना डाक संभाग द्वारा समय-समय पर स्कूल, कॉलेज, सामाजिक संस्थाओं तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर आधार शिविर आयोजित कर नागरिकों को आधार संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। चतुर्वेदी ने बताया कि संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के जनसंपर्क कार्यालय, गुना के प्रभारी देवेंद्र गुप्ता एवं सूर्यकांत जगताप के अनुरोध पर सिंधिया जनसंपर्क कार्यालय, गुना में यह विशेष आधार शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह दो दिवसीय आधार शिविर 25 एवं 26 सितंबर को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

दर्जनों गांवों में सुबह 9 से शाम 5 बजे तक ठप रहेगी बिजली

गुना। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा गुरुवार को वृहद स्तर पर संधारण (मेंटेनेंस) कार्य किया जा रहा है। 220 केवी उपकेंद्र पर 33 केवी मेन बसबार की मरम्मत के चलते गुना, उमरी, सिरसी और बजरंगगढ़ क्षेत्र से जुड़े दर्जनों गांवों में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी। विद्युत कंपनी के अनुसार मेंटेनेंस कार्य के दौरान 33 केवी क्षमता के हरिपुर, गढ़ा, मुरादपुर, उमरी, भदौरा, केएस ऑयल, ऊमरीघाट, सिरसी, बजरंगगढ़ एवं वाटर वर्क्स फीडर से जुड़े तमाम उच्चदाब एवं निम्नदाब (उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

सत्यवती मिश्रा को दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि

गुना। पुराना बस स्टैंड स्थित पशुपतिनाथ महादेव मंदिर परिसर में स्व. सत्यवती मिश्रा धर्मपत्नी कलराज मिश्रा पूर्व राज्यपाल, राजस्थान की पुण्य स्मृति में भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन विश्व ब्राह्मण कल्याण परिषद सनातन सर्व ब्राह्मण समाज गुना द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्व. सत्यवती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। उपस्थित सभी विप्रजनों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति एवं श्रीचरणों में स्थान प्राप्ति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि स्व. सत्यवती मिश्रा एक सरल, सौम्य एवं धर्मपरायण महिला थीं, जिन्होंने सदैव समाज सेवा एवं पारिवारिक मूल्यों को सर्वोपरि रखा। श्रद्धांजलि सभा में विश्व ब्राह्मण कल्याण परिषद के प्रदेश अध्यक्ष पंडित नर्मदा शंकर भार्गव , आनंद भार्गव, घनश्याम भार्गव, नरेंद्र भार्गव, रजनीश शर्मा, लखन शास्त्री, संतोष भार्गव, जय प्रकाश भार्गव, अशोक भार्गव, सुनील शर्मा, प्रमोद भार्गव, मोहनीश भार्गव, आकाश भार्गव, सचिन शर्मा, राहुल शर्मा, संदेश तिवारी, राधे श्याम शर्मा उपस्थित रहे।

गुना के आर्यन शर्मा बने अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल स्टेटिस्टिशियन

गुना। शहर के आर्यन शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल महासंघ (फीबा) की इंटरनेशनल स्टेटिस्टिशियन परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। जिला बास्केटबॉल संघ गुना के सचिव अतुल लुंबा के अनुसार दो दिवसीय कार्यशाला और परीक्षा में देश भर से शामिल 60 प्रतिभागियों के बीच आर्यन ने 98.4 प्रतिशत अंक हासिल कर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया।

बमोरी के बघेरी डबल लॉक केंद्र पर अव्यवस्थाओं से आक्रोश

किसानों की दो टूकः जब तक खाद नहीं, तब तक जाम नहीं हटेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के बमोरी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बाघेरी स्थित डबल लॉक खाद वितरण केंद्र पर चल रही अव्यवस्थाओं और फर्जीवाड़े से तंग आकर बुधवार को सैकड़ों किसानों के सब्र का बांध टूट गया। खाद न मिलने से नाराज किसानों ने बाघेरी के मुख्य मार्ग पर लामबंद होकर अचानक चक्काजाम कर दिया। सड़क पर बारिश से बचने के लिए तंबू तानकर डटे किसानों के इस प्रदर्शन के कारण एंबुलेंस सहित दर्जनों गाड़ियां घंटों जाम में फंसी रहीं और आम राहगीरों को खासी मशक्कत का सामना करना पड़ा। बाद में मौके पर क्षेत्रीय विधायक ऋषि अग्रवाल पहुंचे, जिन्होंने मौके पर ही अधिकारियों से चर्चा कर किसानों को आश्वासन दिया, जिसके बाद जाम हट सका।

जानकारी के अनुसार, बाघेरी स्थित डबल लॉक केंद्र पर डीएपी और यूरिया का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध होने के बावजूद किसानों को कतारों में खड़ा रखकर खाली हाथ लौटाया जा रहा था। लगातार चक्कर काटने से आक्रोशित किसान दोपहर में मुख्य मार्ग पर आ बैठे और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी शुरू कर दी। प्रदर्शनकारियों ने दो टूक चेतावनी दी कि जब तक प्रत्येक किसान को आवश्यकतानुसार खाद की बोरियां वितरित नहीं की जातीं, तब तक वे सड़क से नहीं हटेंगे। किसानों के इस अचानक उठाए कदम से मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। इसी दौरान एक मरीज को ले जा रही एंबुलेंस भी इस जाम के बीच में फंस गई, जिसे निकालने के लिए काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। मौके पर पहुंचे स्थानीय केंद्र के कर्मचारियों ने समझाइश देकर विरोध शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन उग्र किसान कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे।

उल्लेखनीय है कि बीते दिनों किसान कांग्रेस की पड़ताल में बाघेरी गोदाम के भीतर हजारों कट्टे यूरिया और डीएपी का भौतिक स्टॉक मिला था, जबकि कागजों में सैकड़ों कट्टे कम दर्शाए गए थे। पुराने लॉट का माल गोदाम में सडऩे और नए लॉट के गायब होने से करीब 400 कट्टों की हेराफेरी का मामला उजागर हुआ था। इसके बावजूद प्रशासनिक अधिकारियों ने व्यवस्था सुधारने या निष्पक्ष वितरण सुनिश्चित करने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया, जिसके परिणामस्वरूप आज किसानों को उग्र कदम उठाने पर मजबूर होना पड़ा।

◆ सेंधवा नदी में डूबने से युवक की मौत

परिजनों का आरोप- साथियों ने शराब पिलाकर नदी में धकेला



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के बजरंगगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम विजयपुर निवासी एक 25 वर्षीय युवक की ग्राम मंगवार स्थित सेंधवा नदी के गहरे पानी में समा जाने से असामयिक मौत हो गई। बुधवार सुबह जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों के सुपुर्द कर दिया गया। वहीं, मृतक के परिवारजनों ने साथ गए दो युवकों पर हत्या का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग उठाई है।

जानकारी के अनुसार, विजयपुर निवासी सोनू अहिरवार (25) को मंगलवार को गांव के ही दो युवक अपने साथ ले गए थे। परिजनों का आरोप है कि साथियों ने पहले सोनू को कच्ची शराब पिलाई और फिर उसे मंगवार के पास सेंधवा नदी के तट पर ले गए। आरोप है कि वहां विवाद या साज़िश के तहत सोनू को नदी में धक्का दे दिया गया, जिससे गहरे पानी में डूबने से उसकी सांसें थम गईं। शाम करीब 4 बजे गणेश विसर्जन करने पहुंचे ग्रामीणों ने जब शव देखा, तब परिजनों को घटना की भनक लगी।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे स्वजन युवक को निकालकर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों में भारी आक्रोश व्याप्त है। अस्पताल परिसर में रोते-बिलखते परिजनों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में कच्ची शराब का अवैध कारोबार बेधड़क फल-फूल रहा है, जिसके कारण यह दुखांतिका हुई। परिजनों ने अवैध शराब के ठिकानों पर कड़ा शिकंजा कसने और दोषी युवकों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल कैंट थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में ले लिया है।

अश्लील गानों का विरोध करना पड़ा भारी

पीड़िता ने बच्चों संग टॉयलेट में छिपकर बचाई जान, एसपी से सुरक्षा की गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर के सकतपुर रोड स्थित महालक्ष्मी नगर में गणेश झांकी में अश्लील गानों की जगह भजन बजाने की सलाह देना एक परिवार के लिए भारी पड़ गया। पति की गैरमौजूदगी में दबंगों ने करीब 15 से 20 साथियों के साथ पीड़ित के घर पर धावा बोल दिया। हमलावरों ने गालियां देते हुए घर पर जमकर पथराव किया, जिससे दरवाजे, खिड़कियों के कांच और बिजली का मीटर पूरी तरह टूट गए।

पुलिसिया कार्रवाई से असंतुष्ट पीड़िता ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एसपी के नाम ज्ञापन सौंपा और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई एवं परिवार के लिए सुरक्षा की गुहार लगाई है। एसपी कार्यालय पहुंची पीड़िता ममता नामदेव पत्नी भानू नामदेव निवासी महालक्ष्मी नगर, सकतपुर रोड ने बताया कि 21 सितंबर की रात उनके मोहल्ले में लगी गणेश झांकी में तेज आवाज में अश्लील गाने बजाए जा रहे थे। इस पर उनके पति भानू नामदेव ने आयोजकों से अश्लील गानों की जगह धार्मिक भजन बजाने की बात कही थी, उस दौरान कोई विवाद नहीं हुआ था। अगले दिन 22 सितंबर की रात करीब 8:30 बजे जब भानू नामदेव घर के गणेश जी का विसर्जन करने सिंहवासा तालाब गए हुए थे और ममता नामदेव अपने छोटे बच्चों के साथ घर पर अकेली थीं, तभी पुरानी बात को लेकर जगदीश प्रसाद ओझा, हेमंत ओझा अपने 15-20 अन्य साथियों के साथ लाठी-डंडे लेकर घर के सामने पहुंचे। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जबरन घर में घुसने का प्रयास किया। घबराई महिला ने तुरंत अंदर से दरवाजा बंद कर लिया।

ममता नामदेव ने आपबीती सुनाते हुए बताया कि हमलावरों ने घर पर अंधाधुंध पथराव कर दिया, जिससे कांच टूट गए और घर में भारी तोडफ़ोड़ हुई। जान बचाने के लिए वह अपने छोटे बच्चों को लेकर घर के टॉयलेट में छिप गईं और अंदर से पति को फोन लगाया। आरोपियों के इस उपद्रव में पीड़िता का लगभग 50 से 70 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। कैंट थाने में शिकायत दर्ज कराने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई न होने पर पीड़िता ने आरोपियों की गिरफ्तारी और परिवार को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है।

आग से बचाव की तैयारी

जिला चिकित्सालय स्टाफ ने सीखी फायर सेफ्टी तकनीक

नगर पालिका परिषद गुना (म.प्र.)

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिला चिकित्सालय गुना में मरीजों की सुरक्षा और आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों को मजबूत करने के उद्देश्य से नगर पालिका की फायर सेफ्टी टीम द्वारा अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिला चिकित्सालय के सहायक प्रबंधक डॉ. सूरज सिंह के समन्वय से आयोजित इस प्रशिक्षण में अस्पताल के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को आग लगने की स्थिति में तत्काल और सुरक्षित कार्रवाई करने के तरीकों की जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के दौरान फायर सेफ्टी टीम के शकील खान ने अस्पताल स्टाफ को आग लगने की स्थिति में घबराने के बजाय तत्काल उठाए जाने वाले सुरक्षा कदमों के बारे में विस्तार से समझाया। अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थान पर आग लगने की स्थिति में मरीजों को सुरक्षित बाहर निकालना सबसे महत्वपूर्ण होता है। इसी को ध्यान में रखते हुए कर्मचारियों को आपातकालीन निकासी की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया।

खाटूश्याम मंदिर में महिलाओं के मंगलसूत्र और चेन चोरी, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

कुम्भराज। नगर के सुख नदी किनारे नगर परिषद की आहार पोषण की जमीन पर नवनिर्मित खाटूश्याम मंदिर में मंगलवार को डोल ग्यारस के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। सुबह से शुरू हुआ श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला रात करीब 10 बजे तक जारी रहा। इसी दौरान दोपहर में मंदिर परिसर में कई महिलाओं के गले से मंगलसूत्र और चेन चोरी होने की घटनाएं सामने आने के बाद श्रद्धालुओं में चिंता का माहौल बन गया। मंदिर में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, लेकिन कम वोल्टेज के कारण उनकी रिकॉर्डिंग चालू नहीं हो पा रही है। ऐसे में चोरी की घटनाओं के बाद कैमरों से मदद नहीं मिल सकी। मंदिर समिति के अध्यक्ष गोपाल सुमन ने बताया कि वोल्टेज की समस्या दूर करने के लिए नई डीपी आ चुकी है, लेकिन अभी इसके चालू नहीं होने के कारण कैमरे अपेक्षित लोड नहीं उठा पा रहे हैं और रिकॉर्डिंग नहीं हो रही है। समिति की ओर से श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी लोगों से मंदिर के बाहर से ही परिक्रमा करने की अपील की गई है। वहीं, चोरी की घटनाओं के बाद स्थानीय लोगों ने मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग की है। स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं का कहना है कि एकादशी सहित विशेष धार्मिक अवसरों पर मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में यहां सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जानी चाहिए।

आरोन में अंतरराष्ट्रीय रेबीज सप्ताह के तहत जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

आरोन। अंतरराष्ट्रीय रेबीज सप्ताह 22 से 28 सितंबर 2026 के तहत मंगलवार को सिविल अस्पताल आरोन में रेबीज (**Rabies**) के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के आरोन सिविल अस्पताल बीएमओ डॉ अविनाश रघुवंशी एवं डॉ धर्मेंद्र जाट ने रेबीज से बचाव, कुत्ते या अन्य संक्रमित पशु के काटने पर तत्काल किए जाने वाले प्राथमिक उपचार तथा समय पर एंटी-रेबीज वैक्सीन लगवाने की आवश्यकता के संबंध में जानकारी दी। स्वास्थ्यकर्मियों ने लोगों से अपील की कि पशु के काटने की स्थिति में घाव को तुरंत साबुन और बहते पानी से अच्छी तरह धोएं और बिना देरी किए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर चिकित्सकीय सलाह लें।


रेबीज के बारे में जागरुकता
जिला स्वास्थ्य समिति, गुना (म.प्र.)

नीचे लटकी हाईटेंशन लाइन और जर्जर केबलों से कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

5-6 महीने से शिकायतों के बाद भी नहीं जागा बिजली विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर के बीचों-बीच स्थित प्रकाश टॉकीज क्षेत्र में बिजली के जर्जर और नीचे लटकते तार लोगों की जिंदगी के लिए गंभीर खतरा बने हुए हैं। वार्ड क्रमांक 12 महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड की घनी आबादी और व्यस्ततम गलियों से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइन कई स्थानों पर इतनी नीचे आ गई है कि मकानों की छतों और दुकानों के छज्जों के बेहद करीब पहुंच गई है। इसके अलावा ट्रांसफॉर्मर और जंक्शन बॉक्स से निकले केबल भी कई जगह अस्त-व्यस्त और असुरक्षित स्थिति में दिखाई दे रहे हैं।

इलाके के दुकानदारों और रहवासियों का कहना है कि यह समस्या अचानक सामने नहीं आई है। पिछले पांच-छह महीनों से लगातार बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को लिखित और मौखिक रूप से सूचना दी जा रही है, लेकिन शिकायतों के बावजूद अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ है। लोगों का आरोप है कि विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। प्रकाश टॉकीज क्षेत्र की गलियां दिनभर लोगों और वाहनों की आवाजाही से व्यस्त रहती हैं। यहां बड़ी संख्या में दुकानें और मकान हैं। ऐसे में सड़क और दुकानों के ऊपर से गुजर रहे नीचे झुके विद्युत तारों ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। दुकानदारों को हर समय इस बात का डर बना रहता है कि किसी वाहन, निर्माण सामग्री या अन्य कारण से तारों के संपर्क में आने पर गंभीर दुर्घटना हो सकती है। स्थानीय लोगों के मुताबिक कई स्थानों पर बिजली के केबल व्यवस्थित तरीके से बंधे नहीं हैं। जंक्शन बॉक्स और ट्रांसफॉर्मर के आसपास भी तारों का जाल नजर आता है। घनी आबादी वाले क्षेत्र में इस तरह की विद्युत व्यवस्था को लेकर नागरिकों ने सवाल उठाए हैं।

धमाकों और स्पार्किंग से मचती है दहशत

रहवासियों ने बताया कि लाइन में फॉल्ट होने पर कई बार तेज आवाज के साथ धमाके और स्पार्किंग होती है। अचानक होने वाली इस घटना से आसपास के दुकानदार और ग्राहक घबरा जाते हैं। लोगों का कहना है कि यदि स्पार्किंग के दौरान कोई ज्वलनशील सामग्री संपर्क में आ जाए तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।

लगातार हो रहे विद्युत फॉल्ट से घरों और दुकानों में लगे महंगे विद्युत उपकरणों के खराब होने की शिकायतें भी क्षेत्रवासियों ने की हैं। उनका कहना है कि बिजली की आपूर्ति में होने वाले उतार-चढ़ाव और फॉल्ट के कारण उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों के अनुसार, सामान्य दिनों में भी नीचे लटके तार परेशानी का कारण बने हुए हैं, जबकि तेज हवा और खराब मौसम के दौरान खतरा और बढ़ जाता है।

शैक्षिक गुणवत्ता के लिए शिक्षण कौशलों का प्रयोग करें शिक्षक : दुबे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्थानीय शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, आरोन में आयोजित शिक्षकों के पांच दिवसीय एफएलएन (FLN) प्रशिक्षण शिविर का राज्य शिक्षा केंद्र के स्टेट रिसोर्स ग्रुप (SRG) सदस्य एवं डाइट व्याख्याता पं. तुलसीदास दुबे ने अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण ले रहे शिक्षकों को शैक्षिक गुणवत्ता सुधार के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। विद्यार्थियों के स्वभाव व रुचि के अनुसार हो शिक्षणशिक्षकों को संबोधित करते हुए पं. तुलसीदास दुबे ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि प्रत्येक विद्यार्थी को समझकर उसके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना है। जिस तरह परिवार में बच्चों के स्वभाव और व्यवहार को समझकर मार्गदर्शन किया जाता है, ठीक उसी तरह शिक्षकों को भी विद्यार्थियों की रुचि, क्षमता और आवश्यकता को ध्यान में रखकर अध्यापन कराना चाहिए।

समाचार संक्षेप

आरोन में जलझूलनी एकादशी पर निकला विमानों का भव्य चल समारोह

आरोन। जलझूलनी एकादशी के अवसर पर नगर में धार्मिक श्रद्धा और उत्साह का माहौल रहा। नगर के विभिन्न मंदिरों से भगवान के विमान श्री विजय हनुमान मंदिर पर एकत्रित हुए। इसके बाद सभी विमानों के साथ भव्य चल समारोह निकाला गया। चल समारोह श्री विजय हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर पुराना बाजार, पुराना चौराहा, मेन मार्केट, गुलाबगंज चौराहा, दास हनुमान मंदिर होते हुए सियाराम रोड से जल विहार स्थल पहुंचा। यहां विधि-विधान से भगवान का जल विहार कराया गया। इसके बाद विमान के पुजारियों द्वारा भगवान की आरती एवं पूजा-अर्चना की गई। अखाड़ेबाजों के हैरतअंगेज करतब रहे आकर्षण का केंद्रचल समारोह में अखाड़ेबाजों ने अपने हैरतअंगेज करतब दिखाकर श्रद्धालुओं को रोमांचित किया। वहीं भजन मंडलियां भजन-कीर्तन करते हुए साथ चल रही थीं। बैंड, ढोल और ताशों की गूंज से पूरा नगर भक्तिमय नजर आया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने विमानों का स्वागत कर आरती उतारी और भगवान का आशीर्वाद लिया। नवीन मारुति मानस भवन में विराजे भगवानजल विहार के बाद सभी विमानों को दो दिनों के लिए सनातन धर्म मंडल ट्रस्ट आरोन के नवीन मारुति मानस भवन में विराजमान किया गया।

मेरी आंगनबाड़ी मेरी जिम्मेदारी: राष्ट्रीय पोषण माह पर चाचौड़ा में पोषण प्रदर्शनी का आयोजन

चाचौड़ा। राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत चाचौड़ा के कम्युनिटी हॉल में पोषण प्रदर्शनी एवं मेरी आंगनबाड़ी मेरी जिम्मेदारी थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चाचौड़ा की लोकप्रिय विधायक प्रियंका मीणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। यह आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग, जनपद पंचायत और पीरामल फाउंडेशन के संयुक्त सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में विधायक प्रियंका मीणा ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से संवाद किया और केंद्रों पर होने वाली गतिविधियों के बारे में चर्चा की। परियोजना अधिकारी श्रवण कुमार नागले ने परियोजना में चल रही गतिविधियों और शासन की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। विधायक महोदया ने केंद्रवार सुविधाओं की जानकारी ली। जिन आंगनबाड़ी केंद्रों पर पानी, पंखा, खिलौने, बिल्डिंग जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी है, उन्हें चिन्हित कर जल्द सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कुपोषित बच्चों और गर्भवती महिलाओं को दी जाने वाली पूरक पोषण आहार सेवा के बारे में भी जानकारी ली। प्रियंका मीणा ने पीरामल फाउंडेशन के गांधी फेलो और सीनियर प्रोग्राम लीडर से फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली।

पूर्व सांसद और विधायक ने निभाई राजपरिवार की परंपरा

किले से निकले 400 वर्ष पुराने डोल धीरपुर तालाब में हुआ जल विहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

भगवान श्रीराम के बाल रूप की आराधना और धार्मिक आस्था के लिए प्रसिद्ध राघौगढ़ में डोल ग्यारस का पर्व श्रद्धा, परंपरा और ऐतिहासिक गौरव के साथ मनाया गया। राघौगढ़ किले में स्थित करीब 400 वर्ष पुराने भगवान श्रीराम मंदिर से भगवान राघौजी महाराज, जगदीश , कल्याण एवं गोपालमहाराज के विमानों की विधिवत पूजा-अर्चना के बाद शोभायात्रा निकाली गई। किले से शुरू हुई शोभायात्रा धीरपुर तालाब पहुंची, जहां भगवान के विमानों का पारंपरिक रूप से जल विहार कराया गया। इस ऐतिहासिक आयोजन में राघौगढ़ राजपरिवार की परंपरा का निर्वहन करते हुए पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह एवं विधायक जयवर्धन सिंह भी शामिल हुए। काका-भतीजे ने भगवान के विमानों के साथ शोभायात्रा में सहभागिता की और धीरपुर तालाब तक पहुंचे। सभी समाजों के मंदिरों के विमान भी पहुंचे धीरपुरडोल ग्यारस की राघौगढ़ की परंपरा की विशेषता यह है कि केवल किले से निकलने वाले राजपरिवार के विमान ही धीरपुर तालाब नहीं पहुंचते, बल्कि नगर के सभी समाजों के मंदिरों से निकलने वाले विमान भी शोभायात्रा में शामिल होकर धीरपुर तालाब पहुंचते हैं।

नगर के विभिन्न समाजों द्वारा अपने-अपने मंदिरों से विमानों को विधिवत पूजा-अर्चना के बाद शोभायात्रा में शामिल किया गया। अलग-अलग समाजों के विमान एक साथ धीरपुर तालाब पहुंचे। वहां सभी विमानों की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई और भगवान का जल विहार कराया गया।यह परंपरा राघौगढ़ की सामाजिक एकता और धार्मिक समरसता का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत करती है। अलग-अलग समाजों के मंदिरों से निकलने वाले विमान एक ही स्थान पर एकत्रित होकर भगवान के जल विहार में शामिल होते हैं।किले से निकली भव्य शोभायात्राडोल ग्यारस के अवसर पर किले में भगवान के विमानों की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद पारंपरिक रूप से विमानों को शोभायात्रा के रूप में धीरपुर तालाब के लिए रवाना किया गया। शोभायात्रा में राघौगढ़ नगर के विभिन्न समाजों की ओर से करीब 30 विमान शामिल हुए। प्रत्येक समाज के श्रद्धालु अपने-अपने विमान के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए और धीरपुर तालाब तक पहुंचे। भगवान के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

सेवा संकल्प अभियान: चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज

संकुल केंद्र शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंभराज में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत संकुल स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष शारदा देवी साहू, मंडल महामंत्री नीरज मालवीय एवं मंडल मंत्री दीपक उपाध्याय मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में संकुल अंतर्गत आने वाले विभिन्न विद्यालयों के 66 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के निष्पक्ष मूल्यांकन हेतु चयन समितियों का गठन किया गया था। भाषण प्रतियोगिता समिति में रजनीश राजौरिया, श्रीमती रेखा जैन एवं पुनीत चमलीकर शामिल रहे। इनके कुशल संयोजन में संपन्न हुई प्रतियोगिता में माध्यमिक स्तर पर कु. अर्चना मीना (कक्षा 7वीं, मा. वि. हनुमानखेड़ा) तथा हाई व हायर सेकंडरी स्तर पर कु. द्रोणिका साहू (कक्षा 10वीं) का चयन हुआ। विद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र बोहरे ने छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए रचनात्मक गतिविधियों के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शारदा देवी साहू, मंचासीन अतिथियों एवं प्राचार्य ने कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए आयोजन समिति की सराहना की।

शासकीय उत्कृष्ट उमा विद्यालय में उमंग दिवस का किया आयोजन

शास.उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय
राघौगढ़ जिला गुना (म.प्र.)
उमंग दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, राघौगढ़ में 'स्कूल हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम' के अंतर्गत उत्साह, कला और कौशल के महोत्सव 'उमंग दिवस' का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य तथा अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन व फीता काटकर किया गया। इसके पश्चात सभी उपस्थित जनों द्वारा उत्साह के साथ 'उमंग एंथम' का सामूहिक गायन किया गया। समूहगान की तैयारी में विद्यालय की संगीत शिक्षिका आयुषी जोशी का योगदान रहा।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वास्थ्य विभाग की जिला उमंग नोडल अधिकारी डॉ. विनीता सोनी, जिला मानसिक स्वास्थ्य अधिकारी रेखा शर्मा, शिक्षाविद व वरिष्ठ शिक्षक डॉ. विपिन बिहारी शर्मा तथा शिक्षाविद ज्योति शॉ उपस्थित रहे।सत्र के दौरान 'उमंग त्रिवेणी' के उद्देश्यों का प्रस्तुतीकरण किया तथा कक्षावार चयनित 'हेल्थ एवं वेलनेस मेसेंजर्स' को बैज पहनाकर सहपाठियों को नकारात्मकता से बचाने की शपथ दिलाई गई।

कुंभराज में नि:शुल्क नेत्र, मोतियाबिंद, आयुर्वेदिक एवं दंत चिकित्सा शिविर में 175 मरीजों का पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज

N.P.C.B.&V
जिला स्वास्थ्य समिति
श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट, आनंदपुर (म.प्र.)
विशाल नेत्र जाँच शिविर एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर
दिनांक : 23 सितम्बर 2026
Dr.Himanshu's S25 ultra

सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट, आनंदपुर एवं राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के सहयोग से बुधवार को गायत्री शक्तिपीठ, कुंभराज में गायत्री परिवार ट्रस्ट, कुंभराज द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच, मोतियाबिंद ऑपरेशन, आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ परम पूज्य रणछोड़दास महाराज एवं गायत्री माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके बाद गायत्री परिवार ट्रस्ट की ओर से शिविर में सेवाएं देने पहुंचे चिकित्सकों एवं सद्गुरु सेवा संघ की टीम का स्वागत किया गया। शिविर में कुल 175 मरीजों का पंजीयन हुआ।

नेत्र जांच के दौरान मरीजों को आवश्यक परामर्श दिया गया तथा 98 मरीजों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। वहीं 20 मरीजों को निःशुल्क चश्मे प्रदान किए गए। मोतियाबिंद से संबंधित 35 मरीजों की जांच कर ऑपरेशन के लिए चयनित मरीजों को सद्गुरु संकल्प नेत्र चिकित्सालय, आनंदपुर में निःशुल्क वाहन द्वारा भेज कर ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।आयुर्वेदिक चिकित्सक द्वारा विभिन्न रोगों की जांच कर मरीजों को आवश्यक परामर्श देकर एवं दवाइयां वितरित की गईं।

वहीं दंत चिकित्सकों द्वारा मरीजों के दांतों की जांच कर उचित परामर्श दिया गया तथा आवश्यक सामग्री एवं टैबलेट वितरित की गईं। शिविर में डॉ. आशु शर्मा दंत , डॉ. सोनू शर्मा बीनागंज, डॉ. हिमांशु शर्मा, दंत रोग चिकित्सक बीनागंज एवं डॉ. प्रदीप शाक्यवार आयुर्वेदिक चिकित्सक ने सेवाएं प्रदान कीं। सद्गुरु सेवा संघ की ओर से डॉ. अभिषेक सुमन, टीम इंचार्ज जीतू पाठक एवं गोलू राठौड़ का विशेष सहयोग रहा। शिविर के सफल आयोजन में गायत्री परिवार ट्रस्ट के अध्यक्ष राधेश्याम मीना, अरविंद पारीक , जय नारायण साहू, सुरेश मीना, बनवीर सिंह मीना, रामकिशोर शर्मा, बाबूलाल मेर, राजकुमारी काकानी, देवेंद्र सिंह खींच एवं तुलाराम प्रजापति का विशेष योगदान रहा।

साहित्यकार सुरेन्द्र रघुवंशी जनवादी लेखक संघ मध्य के प्रांतीय सचिव चुने गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

रतलाम मध्यप्रदेश में जनवादी लेखक संघ का 10 वाँ राज्य सम्मेलन सम्पन्न हुआ। इस राज्य सम्मेलन में जनवादी लेखक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और वरिष्ठ कवि राजेश जोशी एवं राष्ट्रीय महामंत्री एवं जलेस के मध्यप्रदेश प्रभारी प्रो. नलिन रंजन सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। दोनों ने ही समकालीन सन्दर्भ में लेखक संगठनों की भूमिका विषय पर उल्लेखनीय वक्तव्य में अपने समय की चिंताओं और विद्रूपताओं को रेखांकित करते हुए लेखकीय प्रतिरोध की ज़रूरत पर बल दिया। इस सम्मेलन में प्रदेश भर के लेखकों, कलाकारों और एक्टिविस्टों ने शिरकत की। इस अवसर पर जनवादी लेखक संघ, मध्यप्रदेश की नई कार्यकारिणी, पदाधिकारी परिषद् की घोषणा की गई। कल रतलाम मध्यप्रदेश में जनवादी लेखक संघ का 10 वाँ राज्य सम्मेलन सम्पन्न हुआ। इस राज्य सम्मेलन में जनवादी लेखक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और वरिष्ठ कवि राजेश जोशी एवं राष्ट्रीय महामंत्री एवं जलेस के मध्यप्रदेश प्रभारी प्रो. नलिन रंजन सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। और दोनों ने ही समकालीन सन्दर्भ में लेखक संगठनों की भूमिका विषय पर उल्लेखनीय वक्तव्य में अपने समय की चिंताओं और विद्रूपताओं को रेखांकित करते हुए लेखकीय प्रतिरोध की ज़रूरत पर बल दिया। इस अवसर पर जनवादी लेखक संघ, मध्यप्रदेश की नई कार्यकारिणी, पदाधिकारी परिषद् की घोषणा की गई। इसमें अशोकनगर के साहित्यकार सुरेन्द्र रघुवंशी को प्रांतीय सह सचिव चुना गया। अशोकनगर जलेस के जिलाध्यक्ष परम लाल परम को प्रदेश कार्यकारिणी में स्थान दिया गया ।



नगर भ्रमण पर निकले विमान, कराया जल विहार

शाढौरा। नगर में मंगलवार को (जल झूलनी) एकादशी डोल ग्यारस का पर्व धूमधाम के साथ हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। इस पाबन अवसर पर नगर में फूल डोल बिमान निकाले गए विमान को सजाकर भगवान का आकर्षक श्रृंगार कर विमान में भगवान को विराजमान कर बैंड बाजे के साथ भजन कीर्तन करते हुए विमान निकाले गए। जगह-जगह स्थान-स्थान पर भगवान को प्रसाद चढ़ाकर पूजा-अर्चना की गई। सभी श्रद्धालुओं द्वारा भगवान की आरती उतारी गई चल समारोह सर्वप्रथम खड़यि मोहल्ला राम जानकी मंदिर से शुरू हुआ जो खड़यि मोहल्ला , कुंड मोहल्ला, पठान मोहल्ला , सोनी मंदिर, प्रजापति मंदिर,साहू समाज मंदिर,सदर बाजार कृष्ण चैराहा, पंडापुरा से होते हुए पुनः विमान नगर भ्रमण करते हुए शाम को सभी विमान पुन, अस्थल मोहल्ला पहुंचे जहां सभी विमानो को विराजमान किया गया, आरती उतारी गई, प्रसाद का वितरण किया गया।

ईसागढ़ में सेवा से संकल्प अभियान के तहत विकसित भारत विषय पर कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ ईसागढ़

शासकीय महाविद्यालय ईसागढ़ में 17 सितंबर 2026 से 17 अक्टूबर 2026 तक संचालित श्सेवा से संकल्प अभियानश के तहत श्विकसित भारतश एवं अन्य समसामयिक चित्र कला जैसे विषयों पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी प्राचार्य डॉ. दीपा वर्मा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर जवाहर टैगोर ने संचालन किया था कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विकसित भारत की अवधारणा, युवा सहभागिता और समाज निर्माण में शिक्षा की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के दौरान डॉ. अतुल सिंह सेंगर, डॉ. जे.पी. सिंह, डॉ. संजीव दोहरे, पुष्पेंद्र पाठक, डॉ. अंबिका प्रसाद, देवाशीष गोस्वामी, रचना अहिरवार, राजकुमार अहिरवार एवं निखिल रजक सहित मुख्य रूप से वैशाली, प्रियंका लोधी, प्रियंका केवट, भगवती केवट, संजना, रोशनी लोधी, खुशबू कुशवाह, खुशी कुशवाह, भूमि अग्रवाल, नंदनी कुशवाह एवं भारतीय विद्यार्थी ने प्रतियोगिता में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता चित्रकला में साक्षी शाक्य प्रथम स्थान, वैशाली लोधी द्वितीय स्थान, नंदिनी कुशवाहा तृतीया स्थान प्राप्त किया है।

11वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

सेवा संकल्प अभियान के तहत 11वे राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन रघुवंशी धर्मशाला अशोकनगर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर साकेत मालवीय,सहित जयमण्डल सिंह यादव, हरवीर सिंह रघुवंशी द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वन्तरि की बंदना,दीप प्रज्ज्वलन एवं पूजन कर किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य का सीधा संबंध उसकी जीवनशैली, खान-पान और दिनचर्या से है। उन्होंने कहा कि भारतीय आयुर्वेद पद्धति में स्वस्थ जीवन के लिए संतुलित आहार, नियमित दिनचर्या, योग एवं प्राकृतिक जीवनशैली को विशेष महत्व दिया गया है। उन्होंने कहा कि आज की बदलती जीवनशैली में लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति अधिक जागरूक होने की आवश्यकता है। अनियमित खान-पान, व्यायाम की कमी और तनावपूर्ण दिनचर्या का प्रभाव व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है।

मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर का आयोजन ग्राम कुलवार में 26 सितंबर को

अशोकनगर। शासन के निर्देशानुसार जिले में 07 अगस्त से 08 जनवरी 2027 तक मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शिविरों का आयोजन किया गया है। जनपद पंचायत ईसागढ की ग्राम पंचायत कुलवार में 26 सितम्बर को मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में कलेक्टर सहित अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं शिकायतों को सुनेगें तथा समस्याओं का मौके पर निराकरण कराया जायेगा।

एसपी ने वेन में अत्याधुनिक प्रणाली को देखा

पुलिस को मिली अत्याधुनिक मोबाइल फॉरेंसिक वेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

राजीव कुमार मिश्रा द्वारा कार्यालय परिसर में मोबाइल फॉरेंसिक वेन का अवलोकन कर उपलब्ध अत्याधुनिक उपकरणों एवं फॉरेंसिक किट्स की जानकारी ली गई। वेन में फिंगरप्रिंट किट, जीएसआर टेस्ट किट, उपकरण, लैपटॉप, स्कैनर-कम-प्रिंटर, बॉडी वॉर्न कैमरा, स्म्क स्क्रीन एवं पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम सहित क्राइम सीन पर साक्ष्यों के कलेक्शन, पैकिंग, प्रिजर्वेशन एवं सीजर से संबंधित आवश्यक संसाधन उपलब्ध हैं। मोबाइल फॉरेंसिक वेन के माध्यम से गंभीर एवं संवेदनशील अपराधों के घटनास्थल पर ही भौतिक, जैविक एवं डिजिटल साक्ष्यों का वैज्ञानिक संकलन, संरक्षण, दस्तावेजीकरण एवं परीक्षण अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा। इससे साक्ष्यों की वैज्ञानिक अखंडता एवं न्यायिक उपयोगिता बनाए रखने में सहायता मिलेगी तथा विवेचना को अधिक तथ्यपरक, साक्ष्य-आधारित एवं वैज्ञानिक स्वरूप प्राप्त होगा। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने कहा कि गंभीर अपराधों के अनुसंधान में वैज्ञानिक साक्ष्यों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मोबाइल फॉरेंसिक वेन का जिले के थाना क्षेत्रों में प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे घटनास्थल से साक्ष्य संकलन की प्रक्रिया को और अधिक व्यवस्थित एवं प्रभावी बनाया जा सके। पुलिस अधीक्षक द्वारा मोबाइल फॉरेंसिक वेन को थ्ै शाखा में पदस्थ प्रआर 92 चंद्रशेखर शर्मा, आर. 228 सुरेश कुशवाह एवं आर. चालक 655 करन को सुपुर्द कर विधिवत रवाना किया गया।

जगदीश शर्मा की नवीन काव्यकृति श्रीकृष्ण की अद्भुत लीलाओं का विमोचन किया

अशोकनगर। कवि जगदीश शर्मा की नवीन काव्यकृति श्रीकृष्ण की अद्भुत बाल लीलाएँ का विमोचन विमानोत्सव के शुभ अवसर पर पछाड़ीखेड़ा प्रांगण में आयोजित सनातन उत्सव समिति के मंच पर पुजारी संघ,साधु संतों,गणमान्य नागरिकों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। शर्मा ने बताया कि यह उनकी चतुर्थ काव्यकृति है जो भगवान की शिक्षाप्रद बाल लीलाओं को समर्पित काव्य संग्रह हैं। इसके पूर्व उनके आस्था के मोती, अरुणोदय, श्कस्तूरिका काव्य संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं। इस अवसर पर एसडीओपी विवेक शर्मा, नपा अध्यक्ष नीरज मनोरिया, डॉ जयमंडल यादव, डॉ दीपक मिश्रा, प्रताप भान यादव, पंडित उपेंद्र पाराशर, पंडित आचार्य जगदीश शर्मा, प. पुरुषोत्तम शर्मा, डॉ हरवीर सिंह, डॉ राजकुमार, प.रामकुमार शर्मा, प. शिवकुमार शर्मा, विपिन शिवहरे आदि एवं इष्ट मित्रों ने उनको बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान कर साहित्य सेवा में उनके योगदान की सराहना की।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से योजनाओं की दी जानकारी

सेवा संकल्प अभियान
नमो सेवा
सौजन्य से : नगर पालिका परिषद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

नगर पालिका परिषद अशोकनगर द्वारा सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस दौरान इंदौर से पधारी 'नुक्कड़ वाले' नाट्य टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं एवं उनके लाभों की जानकारी आमजन तक पहुंचाई गई। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आयुष्मान भारत योजना, संबल कार्ड योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में सरल एवं रोचक तरीके से लोगों को बताया गया। कलाकारों ने नाटक और संवाद के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम का उद्देश्य शासन की योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक नागरिकों तक पहुंचाना और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित करना रहा। नुक्कड़ नाटक देखने के लिए बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे और कलाकारों की प्रस्तुति की सराहना की।

खबर संक्षेप

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत देवेन्द्र शर्मा और राजेन्द्र शर्मा के साथ महेन्द्र आदिवासी, छोटेलाल सपेरा, गोविंद आदिवासी औरा मानकुंवर बाई ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नगेश्री निवासी मायावती अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पप्पू अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बेसरा निवासी रामकिशन वंशकार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बालकिशन अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सर्करा निवासी हरिओम शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बालकिशन, जयपाल, उदयभान, पंजाब और चन्द्रभान गुर्जर ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सकर्रा निवासी हरवीर गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सतीश,हरिशंकर अनिल, हरिओम,अजय शर्मा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम माधौपुर निवासी महाराज सिंह मोगिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मीरकाबाद छोटू सांसी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

फांसी लगाकर युवक ने की खुदकुशी

अशोकनगर। जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत नारायणदास गौशाला निवासी लालसाहब पुत्र शिब्बा आदिवासी उम्र 45 साल ने गौशाला की नर्सरी में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली, जिस पर से पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है,मामले की जांच की जा रही है।

वंदे मातरम के सामूहिक गायन से गूंजेगा मुंगावली

मुंगावली। वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा 'नमामि भारतम्' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत देशभर के सरस्वती शिशु मंदिरों के माध्यम से 25 सितंबर को सुबह 11 बजे एक साथ एक स्वर और एक लय में वंदे मातरम् के सामूहिक गायन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, आचार्यों सहित सामान्य नागरिकों की सहभागिता रहेगी। आयोजन का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक स्वाभिमान एवं राष्ट्रभावना के प्रति जागरूकता पैदा करना है। विद्या भारती के अनुसार देशभर में एक करोड़ से अधिक लोगों द्वारा सामूहिक रूप से वंदे मातरम् का गायन किए जाने की योजना है इसी क्रम में मुंगावली नगर के सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भी 25 सितंबर को सुबह 11 बजे संपूर्ण वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया जाएगा। विद्यालय के प्राचार्य बृज बिहारी त्रिपाठी ने बताया कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं बल्कि भारत की 150 वर्षों की संघर्ष यात्रा तथा करोड़ों देशवासियों के त्याग और बलिदान की भावना को अभिव्यक्त करने वाला राष्ट्रगीत है।

"सेवा चित्र" चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

अशोकनगर। पी.एम. कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अशोकनगर में सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत 23 सितंबर को सेवा चित्र चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की थीम "पर्यावरण शिक्षा एवं सतत विकास 2047 रखी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. विजय सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि के रूप में श्री कृष्ण यादव ने सहभागिता कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के 100 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, जल संरक्षण, हरित ऊर्जा, स्वच्छता एवं सतत विकास जैसे विषयों पर अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

महिलाओं ने बोतले बाहर फेंकी, शराब को पानी में बहाया गया

शराब के खिलाफ महिलाओं ने सरकारी ठेके की दुकान पर की तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंदेरी

जिले भर में शराब को लेकर अब महिलाएं खुलकर सामने आ रही हैं, वुधवार को गोराकला गांव में दो दर्जन से अधिक महिलाओं ने शराब की विक्री के खिलाफ में हाथों में लाठियां लेकर शासकीय ठेके की दुकान पर हल्ला बोला। इस दौरान महिलाओं ने शराब की बोतलों व पेटियों को तोड़कर शराब सड़क पर बहा दी। महिलाओं का यह गुस्सा जमकर फूटा, जैसे ही प्रशासन को इस बात की जानकारी लगी वैसे ही पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और महिलाओं को हरसंभव कार्यवाही का आश्वासन देते नजर आए।

ठेके में घुसकर तोड़फोड़, ग्रामीण बजाते रहे तालियां

गोरा कलां गांव में शराब की दुकान के खिलाफ महिलाओं का गुस्सा इस कदर फूटा कि यह शराब हर रोज उनके घर में कलह का कारण बनी हुई है, घर में झगड़े पति पत्नि में विवाद और गांव में हो रही शांति भंग को लेकर यह महिलाएं खुद आगे आईं और उन्होंने मोर्चा खोलते हुए, शासकीय दुकान में घुसकर तोड़फोड़ शुरू कर दी। महिलाओं ने शराब की बोतलें चकनाचूर कर दीं और शराब की पेटियां फोड़कर सड़क पर शराब बहा दी। इस दौरान गांव के सैकड़ों लोग मौके पर मौजूद रहे। महिलाओं के विरोध के बीच ग्रामीण तालियां बजाते नजर आए। घटना का वीडियो भी सामने आया है।

शराब पीकर पति करते हैं मारपीट

प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने शराब की वजह से परिवारों में बढ़ रही परेशानियों को लेकर अपना गुस्सा जाहिर किया। महिलाओं का आरोप है कि उनके पति शराब पीकर घर लौटते हैं और उनके साथ मारपीट करते हैं। महिलाओं ने यह भी कहा कि घर के जरूरी सामान के लिए रखे पैसे और चक्की पर आटा पिसवाने के लिए ले जाए जा रहे गेहूं तक को कुछ लोग बेचकर शराब खरीद लेते हैं। इससे परिवारों की आर्थिक स्थिति बिगड़ रही है और बच्चों की जरूरतें पूरी करना मुश्किल हो रहा है।

सागर के बाद अशोकनगर में भी शराब के खिलाफ उबाल

बंडा में जहरीली शराब से मौतों की घटना के बाद शराब के खिलाफ महिलाओं के विरोध का मुद्दा लगातार सामने आ रहा है। अब चंदेरी के गोरा कलां में हुई इस घटना ने प्रशासन के सामने भी सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या महिलाओं के विरोध के बाद शराब दुकान पर कार्रवाई होगी? क्या गांव में शराब की बिक्री पर रोक लगेगी? इन सवालों के जवाब अब प्रशासन की अगली कार्रवाई से मिलेंगे।

जिले में इसके पहले भी महिलाएं दो स्थानों पर जाम लगाकर कर चुकी हैं विरोध

जिले में शराब के खिलाफ महिलाओं का गुस्सा इससे पहले भी देखने मिला है, 19 सितंबर को कदवाया थाने के अंतर्गत धनवारा गांव में महिलाओं ने शराब के खिलाफ आंदोलन करते हुए सड़क जाम कर दिया था। उस समय भी महिलाओं का यही कहना था कि शराब के कारण उनके घर में झगड़े बड़ रहे है, आए दिन कोई न कोई घटनाक्रम सिर्फ शराब के कारण होता है। इसी तरह की घटना 12 सितंबर को चंदेरी ईसागढ मार्ग पर देखने मिली थी जहां गांव की महिलाएं शराब के खिलाफ सड़क पर उतर आईं थी। इस दौरान महिलाओं ने सड़क पर न केवल जाम लगाया अपितु खुले आम प्रशासन और शराब ठेकेदारों को चुनौती दी कि अगर शराब का विक्रय आगे हुआ तो वह दुकानें नहीं चलने देगीं।

कचरा ढोने वाले खुले वाहनों से सड़क पर फैल रहा कचरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंदेरी

नगर में साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर नगरपालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। कचरा संग्रहण के बाद उसे डंपिंग ग्राउंड तक पहुंचाने के लिए खुले ट्रैक्टर-ट्रॉली का उपयोग किया जा रहा है। इनमें कचरा भरकर ले जाने के दौरान रास्ते में कचरा गिरता और उड़ता रहता है। इससे सड़क पर गंदगी फैलने के साथ राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

नगरवासियों का कहना है कि कचरा ले जाते समय ट्रॉली पूरी तरह भरी होने के कारण रास्ते में कचरा गिरता रहता है। कई बार ट्रॉली से उड़कर कचरा आसपास से गुजर रहे लोगों के ऊपर भी गिर जाता है। डंपिंग ग्राउंड तक पहुंचने से पहले ही काफी कचरा सड़क पर फैल जाता है, जिससे सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है।लोगों के अनुसार कचरा परिवहन करने वाले वाहनों को नियमानुसार ढंककर या बंद व्यवस्था में ले जाना चाहिए, ताकि कचरा सड़क पर न गिरे और न ही हवा के साथ उड़कर आसपास फैले। इसके बावजूद नगर में खुले ट्रैक्टर-ट्रॉली से कचरा परिवहन किया जा रहा है। नगरवासियों ने नगरपालिका से मांग की है कि कचरा परिवहन के लिए बंद अथवा ढंके हुए वाहनों की व्यवस्था की जाए, जिससे कचरा सड़क पर न गिरे और शहर की सफाई व्यवस्था भी बेहतर बनी रहे।

सड़क किनारे खड़ी इलेक्ट्रिक स्कूटी में लगी आज

अशोकनगर। स्थानीय माता मंदिर रोड़ पर एक इलेक्ट्रिक स्कूटी में अचानक आग लग गई, आग लगने के बाद बैटरी फटने से धमाके हुए, लोगों ने उसे बुझाने की कोशिश की लेकिन स्कूटी धूं धूं कर जल गई। 3 महीने पहले इकरान खान ने इसे खरीदा था, आग क्यो लगी यह पता नही है लेकिन संभावना सॉट सर्किट की बताई जा रही है।

शराब दुकान के सामने कोई भी असमाजित तत्व न हों खड़े

कलेक्टर ने अधिकारियों की बैठक लेकर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में अवैध मंदिरा के विनिर्माण, संग्रहण, विक्रय एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिये कि जिले में अवैध मंदिरा के विनिर्माण, संग्रहण, विक्रय एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने शासन के राजस्व हित, जन स्वास्थ्य एवं लोक स्वास्थ्य की दृष्टि से माह सितम्बर में किए गए परिवर्तन कार्य की जानकारी ली।

बैठक में कलेक्टर द्वारा नॉन डयूटीपैड अवैध मंदिरा के विनिर्माण, संग्रहण, विक्रय एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने हेतु राजस्व/पुलिस विभाग के साथ संयुक्त कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिये गए। उन्होंने निर्देश दिए कि मंदिरा दुकान नियत समय पर खुले, बंद हो एवं मदिरा दुकानों के आसपास अनावश्यक तत्वों का जमावड़ा न हो यह सुनिश्चित करें। जिले में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जाकर कच्ची शराब की निर्माण/विक्रय के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करें। साथ ही मंदिरा दुकानों पर मदिरा का विक्रय निर्धारित एस.एस. पी./एम.आर.पी. के अंतर्गत किया जाए। साथ ही बैठक में निर्देश दिए कि आबकारी नियमों एवं लाइसेंसों की शर्तों का पूर्णतरू पालन करना सुनिश्चित करें।

जो धर्म की रक्षा करता है, धर्म उसकी रक्षा करता हैः पं. अनूपचंद मिश्रा

चंदेरी। जोगियाना पुरा स्थित काली मंदिर के पास समुदाय भवन में चल रही श्रीराम कथा में बुधवार को कथा वाचक पं. अनूपनंद मिश्रा ने भगवान श्रीराम के चरित्र और धर्म की रक्षा का महत्व बताया। कथा के दौरान उन्होंने कहा कि "धर्मो रक्षति रक्षितः", अर्थात जो धर्म की रक्षा करता है, धर्म उसकी रक्षा करता है। उन्होंने समाज में एकता और आपसी भाईचारे की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि जाति-पाति के भेदभाव से ऊपर उठकर हिंदू समाज को संगठित होने की आवश्यकता है।

कथा में भगवान श्रीराम और रावण के बीच हुए धर्म-अधर्म के संघर्ष का प्रसंग सुनाया गया। कथा वाचक ने बताया कि रावण विद्वान होने के बावजूद अहंकार, अधर्म और गलत आचरण के कारण विनाश की ओर बढ़ा। भगवान श्रीराम ने सत्य, मर्यादा और धर्म के मार्ग पर चलते हुए उसका अंत किया। रावण वध केवल एक व्यक्ति के अंत का प्रसंग नहीं, बल्कि अहंकार, अन्याय और अधर्म पर सत्य की विजय का प्रतीक है। कथा के अंत में रावण वध और राम अभिषेक हुआ।

अशोकनगर ने कबडड़ी के फाइनल मुकाबले में श्योपुर को हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अशोकनगर ने कबडड़ी के फाइनल मुकाबलें में श्योपुर से खेलते श्योपुर की टीम को बड़े अंतराल 42 के मुकाबले 08 अंकों से हराते हुये ट्राफी पर कब्जा किया। भिण्ड में चल रही संभागीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता में अशोकनगर जिले से 17 वर्ष और 19 वर्ष की बालक, बालिकाओं की टीमें सम्मिलित हैं, जिसमें अशोकनगर की बालिकाओं ने पहला मैच मुरैना से खेलते हुये विजयी हुई जबकि दूसरें मैच में अशोक नगर को गुना के हाथों परास्त होते हुये टीम बाहर हुई, वहीं 19 वर्ष के बालकों की टीम ग्वालियर से 2 अंकों से हारते हुये टीम टूर्नामेंट से बाहर हुई, 19 वर्ष की बालिकाओं को भी सेमी फाइनल मैच में भी गुना के हाथो हार का सामना करना पड़ा।

अंडर 17 वर्ष बालक वर्ग के खिलाड़ियों ने दोनों हारों का बदला चुकाते हुये पहले मुकाबले में अशोकनगर ने शानदार खेलते हुये मुरैना पर जीत दर्ज कराई, दूसरे मैच में शिवपुरी को हराते हुये अशोकनगर ने फाइनल में जगह बनाई, अशोकनगर ने फाइनल मुकाबलें में श्योपुर से खेलते श्योपुर की टीम को बड़े अंतराल 42 के मुकाबले 08 अंकों से हराते हुये ट्राफी पर कब्जा किया। जिससे पुरी में ख़ुशी की लहर दौड़ गईं, टीमों के साथ गये दल प्रबंधक रोहित रघुवंशी, कोच आसिफ खान, महिला कोच रचना कौशल,आकिब खान और सैफाली मैडम के उत्कृष्ट मार्गदर्शन और अनुशासन पर खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाते हुये जूनियर बालकों को विजयी होने का ज्वा प्रदान किया। अंडर 17 वर्ष के बालकों की विजयी होने पर जिला शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा, मनोज राठौर, प्रहलाद श्रीवास्तव, शशिकांत भार्गव, शालिनी श्रीवास्तव, हार्दिक वैश्य, शैलेन्द्र अहिरवार ने शुभकामनायें दीं।

डेंगू एवं मलेरिया, मच्छर जनित बीमारियों के नियंत्रण हेतु स्वास्थ्य विभाग ने चलाया जागरूकता अभियान

अशोकनगर। जिला अशोकनगर में डेंगू एवं मलेरिया मच्छर जनित बीमारियों के नियंत्रण हेतु सघन लार्वा सर्वे एवं फीवर सर्वे शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कराया जा रहा है। समस्त ग्रामीण क्षेत्रों में आशा पर्यवेक्षक ,आशा कार्यकर्ता, एएनएम , सीएचओ सभी को निर्देश दिए गए हैं कि प्रत्येक गांव में फीवर सर्वे कर जितने भी फीवर के व्यक्ति मिलते हैं उनकी स्क्रीनिंग डेंगू और मलेरिया की की जाए, एवं प्रत्येक घर में लार्वा नियंत्रण हेतु कार्यवाहियां कर एवं समझाइए दी जाए। जिससे कि मच्छर एवं लार्वा को नियंत्रित कर मलेरिया एवं डेंगू की बीमारी को नियंत्रित किया जा सके। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा ग्राम कुकरेटा महिदपुर एवं ग्राम कमलावदा कदवाया एवं ग्राम भररोली में विशेष लार्वा एवं फीवर सर्वे चलाया गया। कलेक्टर एवं मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी अशोकनगर के निर्देशन में जिला मलेरिया अधिकारी एवं मलेरिया कंसलटेंट द्वारा लार्वा सर्वे एवं फीवर सर्वे का सघन निरीक्षण क्षेत्र में किया जा रहा है।

युवा संगम कार्यक्रम में 316 प्रारंभिक चयन व 258 को दिए ऑफर लेटर

अशोकनगर। बुधवार को शासकीय महाविद्यालय परिसर ईसागढ़ में सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युवा संगम कार्यक्रम में 316 का प्रारंभिक चयन व 258 को मौके पर ही दिये गये ऑफर लेटर। युवा संगम कार्यक्रम में 411 युवाओं नें पंजीयन कराया एवं इसमें 8 कंपनियों ने 316 का शॉर्टलिस्टिंग करते हुए 258 आकांक्षी युवाओं को मौके पर ही ऑफर लेटर प्रदान किये गए। युवा संगम में विभिन्न सेक्टर की निजी क्षेत्र की कंपनियां शामिल हुई जिनके द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए ऑफर लेटर उपलब्ध कराये गये। सेवा संकल्प अभियान के तहत युवा संगम अंतर्गत स्वरोजगार योजनाओं के 457 स्वरोजगारियों को 2 करोड़ 18 लाख का किया गया हितलाभ वितरण

आयोजित कार्यक्रम में युवा संगम कार्यक्रम में विभिन्न विभागों ने अपने विभागों में संचालित योजनाओं की जानकारी दी और शासन की महत्वपूर्ण विभिन्न विभागों द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओ के 457 हितग्राहियो को 2 करोड़ 18 लाख का हितलाभ वितरण किये इसके साथ ही उपस्थित युवाओं को लीड बैंक अधिकारी द्वारा वित्तीय साक्षरता की जानकारी दी गई।

डोल ग्यारस पर नगर भ्रमण पर निकले भगवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली

मंगलवार को नगर में डोल ग्यारस पर्व बड़े ही धूमधाम ओर भक्ति भाव के साथ मनाया गया जिसमें श्रद्धालुओं द्वारा डोल ग्यारस पर भगवान को सुसज्जित डोलो में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा जगह जगह भगवान की आरती की गई सर्व प्रथम नगर के कुछ डोले नामदेव मंदिर पर इक्कठे हुए श्रीराम मंदिर पर एकत्रित हुए सभी डोले पर विराजमान भगवान की पूजा,आरती की गई तथ पश्चात डोले नगर के प्रमुख चोक चैराहों से होते हुए भुजरिया तालाब पहुंचे जहा प्रभु का विधि विधान द्वारा जल विहार कराया गया।

पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

सेवा संकल्प अभियान के तहत देवकनी माता मंदिर परिसर में किया गया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ ईसागढ़

जन अभियान परिषद द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर के प्रसिद्ध देवकनी माता मंदिर परिसर में 101 पौधों का रोपण कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। पौधरोपण के लिए उपरिंग फाउंडेशन द्वारा 101 पौधे उपलब्ध कराए गए। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए। उपस्थित लोगों ने पौधरोपण के साथ ही लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करना आवश्यक है। पौधे लगाने के साथ उनकी देखभाल करना भी प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

वृक्ष प्रकृति और पृथ्वी के लिए सबसे महत्वपूर्णः सुशील बरुआ

संभागीय समन्वयक ग्वालियर सुशील बरुआ ने कहा कि वृक्ष प्रकृति और पृथ्वी के लिए सबसे महत्वपूर्ण हैं। पेड़-पौधे पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के साथ मानव जीवन के लिए आवश्यक स्वच्छ वायु उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि आज लगाए गए पौधे आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन और पर्यावरण की सुरक्षा का आधार बनेंगे।

51 निःशुल्क सुंदरकांड का नवरात्रि पर्व में होगा शुभारंभ

अशोकनगर। श्री बालाजी मंडल पिपरेसरा द्वारा नवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर 51 निःशुल्क सुंदरकांड पाठ कराने का संकल्प लिया गया है। मंडल की ओर से सुंदरकांड पाठ के माध्यम से श्री बालाजी सरकार की भक्ति एवं सुंदरकांड की महिमा का प्रचार-प्रसार गांव-गांव जाकर किया जाएगा। मंडल के अनुसार नवदुर्गा के पावन पर्व में निःशुल्क सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को सुंदरकांड पाठ एवं बालाजी भक्ति से जोड़ना है। आयोजकों ने बताया कि समस्त ग्राम पिपरेसरा इस आयोजन में सहयोगी है। जो भी श्रद्धालु इस धार्मिक अभियान से जुड़ना चाहते हैं, वे मंडल से संपर्क कर सकते हैं।

स्वार्थ का त्याग करना सबसे कठिनः मुनिश्री

पर्यूषण पर्व के आठवें दिन की उत्तम त्याग धर्म की आराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

त्याग का अर्थ है छोड़ना या देना। उत्तम त्याग की बात है। दान और त्याग ये दो शब्द आते हैं। दोनों में थोड़ा सा अन्तर है। रागद्वेष से अपने को छुड़ाने का नाम त्याग है। वस्तुओं के प्रति रागद्वेष और मोह के अभाव को त्याग कहा जाता है।

यह बात मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज ने उत्तम त्याग धर्म के दिवस श्रद्धालुओं को संबोधित करते हए कही। उन्होंने कहा कि दान में भी रागभाव हटाया जाता है किन्तु जिस वस्तु का दान किया जाता है, उसके साथ किसी दूसरे के लिये देने का भाव भी रहता है। दान पर के निमित्त को लेकर किया जाता है, किन्तु त्याग में पर की कोई अपेक्षा नहीं रहती। किसी को देना नहीं है, मात्र छोड़ देना है। त्याग स्व को निमित्त बनाकर किया जाता है। दान रूप त्याग के द्वारा जो सुख प्राप्त होता है, वह अकेले स्व का नहीं बल्कि पर का भी होता है। वृक्ष जब तक पूर्व पत्तों का त्याग नहीं करता, तब तक वृक्ष पर नये पत्ते नहीं लगते। बिना विसर्जन किये नये का सृजन सम्भव नहीं है। अवगुणों को छोड़ने का मन बना ले, उन्हें ग्रहण न करे, इसी का नाम त्याग है। परिग्रह को नियंत्रित करने का नाम ही दान है। देने वाला, लेने वाले को अपने से बड़ा मानता है, तब वास्तव में त्याग धर्म सफल होता है। भोगों से आज तक किसी ने पुण्य संचित नहीं किया है, पुण्य तो त्याग से संचित होता है।

हमने क्या-क्या छोड़ा और कितना छोड़ा यह महत्त्वपूर्ण नहीं है, इससे ज्यादा महत्त्वपूर्ण बात है कि कैसे छोड़ा? जीर्ण तृण के समान अनुपयोगी या निरर्थक जानकर अत्यन्त निस्पृह-भाव से छोड़ा है तो वह त्याग श्रेष्ठ है। आचार्य कहते हैं ष्पर प्रीतिकरणात विसर्जनं त्यागः। दूसरों की प्रीति पाने के लिये दूसरे का उपकार करने की भावना से जो छोड़ा जाता है वह त्याग है। आहार और औषध दान देने से मोक्षमार्ग में प्रीति उत्पन्न होती है। ज्ञान-दान से धर्म के प्रति रूचि या प्रीति जाग्रत होती है। अभयदान देने वाला सबका प्रिय पात्र होता है। भामाशाह ने अपनी सारी सम्पदा प्रजा के हित में त्याग दी। गणेशप्रसाद जी वर्णी ने ज्ञान के प्रचार-प्रसार के लिये खूब प्रयत्न किया, विद्वत जनों की प्रीति उनको मिली।

पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर ने चिकित्सकों की कमी का भी पत्र में किया उल्लेख

जिला चिकित्सालय रेफर केंद्र बन गया, प्रमुख सचिव से शिकायत

व्यवस्थाएं न सुधरी न तो धरने पर बैठेंगे पूर्व विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिला चिकित्सालय राजगढ़ अब प्रसूताओं के लिए रेफर केंद्र जैसा हो चुका है। यहां नार्मल केस को भी गंभीर बताकर हायर सेंटरों में रेफर किया जा रहा है और वहां प्रसूताओं की नार्मल डिलेवरी हो जाती हैं। निजी चिकित्सालयों को लाभ पहुंचाने के लिए ऐसा किया जा रहा है। उक्त आरोप पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर ने लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र लिखते हुए लगाए हैं। अपने पत्र में श्री तंवर ने जिला चिकित्सालय में चिकित्सकों व अन्य मेडीकल स्टाफ की कमी को भी प्रमुखता से उठाते हुए स्टाफ बढ़ाने की मांग प्रमुख सचिव से की है। पत्र में आगे उल्लेख है कि राजगढ़ जिला चिकित्सालय में उनके(श्री तंवर के) कार्यकाल में जिला चिकित्सालय का उन्नयन कर 500 बेड की क्षमता की गई थी तथा आधुनिक मशीनें डायलिसिस एवं सीटी स्कैन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थीं लेकिन पर्याप्त डॉक्टर एवं मेडिकल स्टाफ नहीं होने के कारण इन सुविधाओं का अपेक्षित लाभ आम जनता को नहीं मिल पा रहा है। पूर्व विधायक ने पत्र में कहा कि राजगढ़ क्षेत्र के ग्राम करोड़ी स्थित उप-स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर नहीं होने के कारण ग्रामीणों को उपचार के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



बापूसिंह तंवर
पूर्व विधायक
विधानसभा क्षेत्र - 162 राजगढ़
जिला - राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.

निवास/कार्यालय : एलआईसी ऑफिस के पास, एम.पी. नगर, बायपास रोड राजगढ़
जिला-राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.
मोबाईल नंबर : 9425422591
9907789531

क्रमांक 338
दिनांक 07/09/2026

प्रति,
प्रमुख सचिव महोदय
लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण
वल्लभ भवन भोपाल म0प्र0

विषय :- जिला चिकित्सालय राजगढ मे डॉक्टरों एवं अन्य मेडिकल स्टाफ की कमी के संबंध मे।

उपरोक्त विषयान्तर्गत अनुरोध है कि राजगढ विधानसभा के ग्राम करेडी मे उपस्वास्थ केन्द्र है परन्तु डाक्टर नही है जिससे उपस्वास्थ केन्द्र पर उपचार करवाने आने वाले आमजन को काफी जिला चिकित्सालय लगभग 100 वर्ष पुराना है तथा ब्रिटिश इंण्डिया के समय 1930 मे भी राजगढ चिकित्सालय जिसका नाम उस समय के महाराजा स्व.विनय सिह जी के नाम पर विनय हॉस्पिटल था ऑपरेशन की सुविधा थी।

मेरे विधायक कार्यकाल मे उक्त चिकित्सालय को उपग्रेठ कर 500 बेड का विस्तार किया गया था आधुनिक मशीने डायलेसिस सि.टी.स्कैन तथा अन्य सुविधाए उपलब्ध कराई गई किन्तु स्टाफ की कमी के कारण क्षेत्र की जनता को उस चिकित्सालय का लाभ नही मिल पा रहा है उदहारण के लिए विशेषज्ञ के 51 पद स्वीकृत है 17 कार्यरत है स्त्री एवं प्रसुति रोग के 5 पद स्वीकृत है दो कार्यरत है बाल रोग के 7 पद स्वीकृत है 2 कार्यरत है ई.एन.टी के 2 पद स्वीकृत है एक भी कार्यरत नही है मेडिकल ऑफिसर के 31 पद स्वीकृत है 11 कार्यरत है 300 स्टाफ नर्सो की आवश्यकता है किन्तु केवल 89 पदस्त है एसी स्थिति मे करोडो रु व्यय करके बनाए गए अध्याधिक आधुनिक चिकित्सालय का राजगढ की जनता को कोई लाभ नही मिल पा रहा है।

अतः आपसे अनुरोध है कि कृपया राजगढ जिला चिकित्सालय मे स्वीकृत एवं रिक्त पदो पर शीघ्र पदस्थापना करने का कष्ट करें।

भवदीय
बापू सिंह तंवर

लोकायुक्त घेरे में आई सीएमएचओ का भी उठाया मुद्दा

20 हजार रुपए की रिश्वत लेते लोकायुक्त पुलिस भोपाल के हाथों रंगेहाथों पकड़ी गई राजगढ़ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल के संबंध में भी विधायक ने प्रमुख सचिव को अवगत कराया है। उल्लेख है कि सीएमएचओ को पद से हटाने के आदेश में स्वास्थ्य आयुक्त एस. धनराजु ने लोकायुक्त द्वारा की गई कार्यवाही की पुष्टि का उल्लेख नहीं किया जिसके चलते सीएमएचओ डॉ. पटेल अपने तबादले पर न्यायालय से स्थगन आदेश ले आईं। यही कारण था कि लोकायुक्त ने स्वास्थ्य आयुक्त एस. धनराजु को 21 सितंबर को तलब किया। आपको बतादें कि लोकायुक्त कार्यालय के उप पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र सिंह ने यह नोटिस जारी किया था।

विशेषज्ञों के 51 पद स्वीकृत लेकिन कार्यरत सिर्फ 17

बतादें कि 500 बिस्तरीय राजगढ़ जिला चिकित्सालय हेतु विषय विशेषज्ञ चिकित्सकों के 51 पद स्वीकृत हैं जिनमें से सिर्फ 17 पद ही भरे हुए हैं वहीं 34 पद खाली हैं। इसी तरह स्टाफ नर्सों भी अपने स्वीकृत पदों की तुलना में काफी कम संख्या में यहां अपनी सेवाएं दी रही हैं।

खास-खास

जिला चिकित्सालय हेतु स्वीकृत व भरे पद

पद	स्वीकृत	भरे	रिक्त
विशेषज्ञ	51	17	34
स्त्री रोग विशेषज्ञ	05	02	03
शिशु रोग विशेषज्ञ	07	02	05
ईएनटी	02	00	02
मेडीकल ऑफिसर	31	11	20

इनका कहना है

यदि जल्द जिला अस्पताल में चिकित्सकों की कमी पूरी नहीं और व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ तो मै कार्यकर्ताओं के साथ धरने पर बैठूंगा।

- बापूसिंह तंवर, पूर्व विधायक, राजगढ़

चित्रकला प्रतियोगिता संपन्न

'मेरे सपनों का भारत' थीम पर विद्यार्थियों ने उकेरे अपने सपने

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'मेरे सपनों का भारत' थीम पर विकासखंड स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन षासकीय उत्कृश्ट उमावि सारंगपुर में किया गया। प्रतियोगिता में विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर चित्रों के माध्यम से भारत के प्रति अपने सपनों और विचारों को अभिव्यक्त किया।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नेहा मालवीय, कक्षा 10वीं, षासकीय हाईस्कूल चिड़लावण्या ने प्राप्त किया। द्वितीय सानि उत्कृश्ट विद्यालय सारंगपुर एवं षासकीय उमावि पाड़्लियामाता ने प्राप्त किया, जबकि तृतीय सानि सांदीपनि विद्यालय मऊ के विद्यार्थियों ने हासिल किया। कार्यम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती नीलम सोनी सक्सेना, मोर्चा अध्यक्ष राजगढ़, मोहन गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष भाजपा एवं सेवा संकल्प जिला प्रभारी, कैलाष नगर, जनपद उपाध्यक्ष सारंगपुर, विश्णु पाटीदार, सेवा संकल्प अभियान मंडल प्रभारी, दिनेष सिसोदिया, एल्उरमैन, सुनील बागवान, पार्शद प्रतिनिधि, तारागंज तथा लोकेंद्र गुर्जर, पडाना चित्रकला मंडल प्रभारी सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनकी रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित किया। नोडल प्रभारी एवं बीईओ सुरेष बिरमाल तथा सहायक नोडल बीआरसी बीएल वर्मा की उपस्थिति में कार्यम संपन्न हुआ। कार्यम का संचालन सत्यानंद महाराज ने किया, जबकि उत्कृष्ट विद्यालय की प्राचार्य पूजा विजयवर्गीय ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता के आयोजन एवं व्यवस्थाओं में वैजयंती चौरसिया, सुनीता पांडे, माधुरी सोनी सहित अन्य षिक्षकों का विषेश सहयोग रहा।

पुलिस अधीक्षक ने प्रेसवार्ता में किया खुलासा

खुजनेर में व्यापारी से 1.49 लाख की लूट करने वाले 4 आरोपी धराए

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

स्थानीय व्यापारी के नगदी से भरे थैले की चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए चार वयस्क आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी गई 1 लाख 49 हजार रुपए की पूरी राशि बरामद करने के साथ ही वारदात में प्रयुक्त होंडा शाइन मोटरसाइकिल भी जब्त की है। मामले में एक नाबालिग की भूमिका भी सामने आई है, जिसके संबंध में किशोर न्याय अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। वहीं नाबालिग का पिता फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

कपड़ों पर तरल पदार्थ डालकर भटकाया ध्यान-पुलिस के अनुसार ब्यावरा निवासी 70 वर्षीय रामचंद उर्फ चंदू यादव सेल्समैन का काम करते हैं। 18 सितंबर को वे खुजनेर में दुकानदारों से सामान की सप्लाई और नगदी राशि लेने आए थे। उनके पास हरे रंग के थैले में करीब 1.49 लाख रुपए रखे थे। शाम करीब 4.30 बजे गांधी ब्रदर्स की दुकान के सामने राजगढ़ चैराहे पर किसी ने उनके कुर्ता-पायजामा पर पीछे से लालरंग का तरल पदार्थ डाल दिया। कपड़े साफ करने के लिए वे पानी लेने गए और नगदी से भरा थैला दुकान के बाहर बोरी पर रख दिया। कुछ देर बाद लौटने पर थैला गायब मिला। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना खुजनेर में अपराध 187/2026 के तहत धारा 303(2) बीएनएस में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई।

सीसीटीवी से मिला सुराग

घटना के बाद पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। तकनीकी साक्ष्यों और फुटेज के विश्लेषण के आधार पर संदिग्धों की पहचान की गई। पुलिस जांच में बादल और एक नाबालिग की सक्रिय भूमिका सामने आई। इसके बाद अन्य आरोपियों की भूमिका भी सामने आने पर उन्हें प्रकरण में शामिल किया गया।पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोरी की पूरी 1.49 लाख रुपए की राशि बरामद कर ली। साथ ही घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की गई।

4 गिरफ्तार, 1 आरोपी फरार

पुलिस के मुताबिक मामले में बादल पुत्र कृष्णा सिसोदिया, लक्ष्मी पत्नी सज्जन सांसी, प्रिया पिता लाखन सांसी तथा नाबालिग की माता को गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपियों का संबंध गुलखेड़ी और मुंगावली क्षेत्र से बताया गया है।वहीं नाबालिग का पिता फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। नाबालिग की पहचान संबंधी जानकारी कानून के प्रावधानों के तहत गोपनीय रखी गई है।

नजदीक से जाना ग्रामीण परिवेश एवं संस्कृति

जिले के पर्यटन क्षेत्रों से रूबरू हुए विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

ग्रामीण पर्यटन, स्थानीय संस्कृति एवं ग्रामीण जीवन को नजदीक से जानने-समझने एलएन मेडिकल कॉलेज भोपाल के 50 एमबीबीएस विद्यार्थियों ने जिले के पर्यटन ग्राम कोटरा का शैक्षणिक भ्रमण किया। यह भ्रमण नॉलेज टूरिज्म की अवधारणा के तहत आयोजित किया गया जिसमें विद्यार्थियों को ग्रामीण जीवन अनुभवों से रूबरू होने का अवसर मिला। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक रूप से ढोल के साथ विद्यार्थियों को तिलक लगाकर और पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया । भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने ग्राम कोटरा में विकसित आजीविका समूह दीदीयों के ग्रामीण होमस्टे का अवलोकन किया व होमस्टे संचालकों से संवाद कर उनके अनुभवों एवं ग्रामीण पर्यटन से होने वाले लाभों की जानकारी भी प्राप्त की। साथ ही गेड़ी पर चलना, भजन मंडली की प्रस्तुति, फार्म टू प्लेट अनुभव, पेड़ों पर झूला झूलना, बांसुरी वादन, स्टोरी टेलिंग और चाक पर मिट्टी के बर्तन बनाने की गतिविधि का आनंद उठाया।

कईं स्थानों का किया भ्रमण-दल ने पर्यटन स्थल शाका श्याम मंदिर और सोलह खम्ब, चिड़ीखो वन्य अभ्यारण्य, करवटिया गुफा, कोटरा गुफा मंदिर का भ्रमण किया। दोपहर में स्थानीय पारंपरिक व्यंजन दाल-बाफला परोसा गया। आजीविका के प्रबधक आशीष कौशिक ने बताया की इस तरह के भ्रमण से जिले मे पर्यटन स्थल के प्रचार प्रसार को बढ़ावे के साथ क्षेत्र के ग्रामीणों को रोजगार के अवसर मिलेंगे पर्यटको का आकर्षण बढ़ेगा। भ्रमण में डॉक्टर डी.के. सतपति, डॉ. नरेश, डॉ राहुल, एलएन मेडिकल कॉलेज टूरिज्म से दृष्टि, पूजा, सरपंच प्रतिनिधि सुनील, केदार, नरेन्द्र बना, रामभरोसे ग्रामीणजन उपस्थित हुए ।

अक्टूबर में आयोजित होगा तीन दिवसीय समर्पण गरबा महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नजरबाग हनुमान मंदिर से जुड़ी सेवा समिति के तत्वावधान में आगामी अक्टूबर माह में तीन दिवसीय समर्पण गरबा महोत्सव का आयोजन किया जाने वाला है। कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में समिति पदाधिकारियों की एक अहम बैठक मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक में महोत्सव को भव्य बनाने विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा कर निर्णय लिए गए। समिति पदाधिकारी पंकज विजयवर्गीय, आशीष नागर सहित अन्य ने बताया कि यह गरबा महोत्सव 15, 16 एवं 17 अक्टूबर को शाम 7 बजे से रात्रि 11 बजे तक आयोजित होगा। गरबे के लिए पिछले वर्षों वाला राजमहल परिसर स्थल निश्चित किया गया है। पूरे गरबा पंडाल में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे वहीं गुजरात से आई टीम द्वारा स्टेज प्रोग्राम प्रस्तुत किया जाएगा।

सेफ क्लीक 2.0 अभियान के तहत साइबर अपराधों के खिलाफ कार्रवाई

एपीकेफाइल डाउनलोड होते ही खाते से उड़ाई 2.72 लाख की रकम, खुजनेर पुलिस ने 100 प्रतिशत राशि कराई बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय के सेफ क्लीक 2.0 अभियान के तहत साइबर अपराधों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए खुजनेर पुलिस ने साइबर ठगी के मामले में तीन आरोपियों को अभिरक्षा में लिया है। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ और निशानदेही के आधार पर ठगी गई 2,72,101 की पूरी राशि बरामद करने का दावा किया है।पुलिस के अनुसार ग्राम बड़लावदा निवासी जितेन्द्र यादव ने 18 अगस्त 2026 को थाना खुजनेर में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि मोबाइल में एक एपीके फाइल डाउनलोड करने के बाद अज्ञात लोगों ने उसके बैंक खाते से धोखाधड़ीपूर्वक राशि निकाल ली। खाते से चार ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 2,72,101 की राशि निकाली गई थी।शिकायत पर थाना खुजनेर में अपराध 171/2026 के तहत बीएनएस की धारा 318(4) एवं 319(2) में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने संबंधित बैंकों से समन्वय कर प्रारंभिक स्तर पर 66,896 की राशि होल्ड कराई। इसके बाद विशेष टीम ने तकनीकी और साइबर विश्लेषण के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश शुरू की।

गुजरात से जुड़े तीन आरोपी अभिरक्षा में- पुलिस टीम ने 22 सितंबर को सेफ अली, आदिल और मोहम्मद सोयल को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। पुलिस के मुताबिक पूछताछ और निशानदेही के आधार पर साइबर ठगी की पूरी 2,72,101 की राशि बरामद कर ली गई।अभिरक्षा में लिए गए आरोपियों में सेफ अली निवासी दादाभाई नगर, कठोर, सूरत, आदिल निवासी ताई वार्ड, कठौर, जिला सूरत तथा मोहम्मद सोयल निवासी ग्राम कठोर, जिला सूरत शामिल हैं। पुलिस के अनुसार मामले में आरोपियों से साइबर ठगी के नेटवर्क और घटना से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में पूछताछ जारी है। उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस ने की साइबर सुरक्षा की अपील

राजगढ़ पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि अनजान लिंक, फाइल, कोड या संदिग्ध कॉल पर भरोसा न करें। साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 पर संपर्क करें और साइबर क्राइम पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराएं।

अहिरवार समाज ने बाबा रामदेव की शोभायात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर

अहिरवार समाज द्वारा बाबा रामदेव सप्ताह का धार्मिक आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। 22 सितंबर को रामदेव मंदिर परिसर में बाबा रामदेव सप्ताह की शुरुआत हुई, जहां रातभर भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। समाज के महिला-पुरुषों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में मौजूद रहे और देर रात तक भजनों के माध्यम से बाबा रामदेव की आराधना की। 23 सितंबर की सुबह करीब 10 बजे धार्मिक कार्यक्रम के बाद बाबा रामदेव की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए निकली। इस दौरान समाजबंधुओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा का स्वागत किया। धार्मिक जयकारों और भजनों से नगर का वातावरण भक्तिमय बना रहा।

सत्यवीर तेजाजी महाराज की जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

छापीं बांध के समीप वार्ड 15 में प्रसिद्ध धार्मिक स्थल सत्यवीर तेजाजी महाराज मंदिर पर तेजाजी महाराज जयंती धूमधाम से मनाई गई।इस अवसर पर पूरे परिसर को आकर्षक रोशनी से सजाया गया, साथ ही भजन संध्या का आयोजन भी किया। जिसमें देर रात तक भजन गायक कलाकारों ने भजनों की समुधर प्रस्तुति दी। श्रद्धालुओं ने भजनों का आनंद लेकर भक्ति रस में लीन हुए।मंदिर परिसर पर इस आयोजन को लेकर विधुत साज सज्जा डेकोरेशन कर सजाया गया वहीं भक्ति भाव धार्मिकता से अभिभूत होकर श्रद्धालु भक्तों ने नारियल प्रसाद चढ़ाकर तेजाजी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। विशाल भंडारा' समिति सदस्यों एवं भक्तों द्वारा मंदिर परिसर पर पूर्व वर्षो की तरह विशाल भण्डारा का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने महिला पुरुष युवा वर्ग ने महाप्रसादी ग्रहण की।तेजाजी महाराज के रास्ते पर नगर परिषद द्वारा सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण आठ लाख पिचोतर हजार रुपए से निर्मित होने वाले रोड़ का विधायक हजारीलाल दांगी ने भूमि पूजन किया जहां नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह सीएमओ देवनारायण दांगी उपयंत्री बृजेश उपाध्याय, नागरिक मौजूद रहे।

दूसरी बार जिला विजेता बनी महिला बैडमिंटन टीम

रानू, कोमल और दिव्यांशी का संभाग स्तर पर चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों की महिला एवं पुरुष टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। महिला वर्ग में शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय सारंगपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार दूसरी बार जिला स्तरीय विजेता का खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम में शामिल रानू पालीवाल, कोमल गोयल एवं दिव्यांशी भिलाला का चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। वहीं वीर सावरकर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पचोर की महिला टीम उपविजेता रही। पुरुष वर्ग में पी.एम.सी.ओ.ई. शासकीय अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजगढ़ की टीम ने विजेता का खिताब हासिल किया, जबकि वीर सावरकर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पचोर की टीम उपविजेता रही। महाविद्यालय की प्राचार्य संगीता गुप्ता ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को बधाई देते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

कुआं के आसपास फैल रहे करंट से युवक की मौत

जीरापुर। समीपस्थ ग्राम फतेहपुर फूटिया में डोल ग्यारस के पर्व पर एक बड़ा हादसा हो गया।गांव में भगवान के विमान यात्रा के दौरान ग्रामीण एक कुआ पर पहुंचे थे, जहां बच्चे कुएं में कूदकर नहा रहे थे। इसी दौरान 18 वर्षीय युवक अरविंद वर्मा ने कुएं में छलांग लगाई, लेकिन छलांग लगाते समय उसका हाथ ऊपर लगी लाइट की डोरियों से टकरा गया और उसे जोरदार करंट लग गया।करंट लगने से युवक डोरी सहित कुएं में डूब गया।सूचना मिलते ही जीरापुर पुलिस मौके पर पहुंची और एसडीआरएफ की टीम को भी सूचना दी गई है। मौके पर ग्रामीण और पुलिस की टीम ने युवक को कुएं से बाहर निकाला।

भक्ति, संस्कृति व सामाजिक सहभागिता का दिखा अदभुत संगम

डोल ग्यारस पर बड़ी होली में गूंजी दिव्य गंगा आरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

डोल ग्यारस के पावन अवसर पर बड़ी होली में गणेश उत्सव समिति के तत्वावधान में भगवान श्रीगणेश की आरती के पश्चात विशेष गंगा आरती का आयोजन किया गया। दीपों की रोशनी, वैदिक मंत्रोच्चार और श्रद्धालुओं की सहभागिता से पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी एवं सेवानिवृत्त शिक्षक पं. प्रेमशंकर पांडे तथा विशेष अतिथि सकल हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला, चिंतामणेश्वर महादेव मंदिर निर्माण समिति अध्यक्ष पं. विष्णु प्रसाद जोशी, पेंशनर संघ अध्यक्ष एलएन त्रिकार, ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पं. गोपाल वैद्य, समाजसेवी प्रकाश तिवारी एवं अखिलेश राठी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधान से गणेश पूजन के साथ हुआ। पं. राहुल शर्मा, पं. बालकृष्ण शर्मा, पं. आनंद उपाध्याय एवं पं. प्रेम शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन संपन्न कराया। इसके बाद भगवान गणेश की आरती और विशेष गंगा आरती की गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। आयोजन को सफल बनाने में अनिल राठौर, अतुल सक्सेना, मोहन जोशी, अजय शर्मा, सुशील शर्मा, रजत शर्मा, कुशल शर्मा, अनिल रुण्डवाल, आनंद गुप्ता सहित समिति सदस्यों ने सहयोग दिया। कनिका, तनिष्का एवं अनुष्का नमामि शर्मा की आकर्षक रंगोली तथा दिव्यांश राव द्वारा निर्मित शिवजी की प्रतिमा विशेष आकर्षण रही। आयोजन ने धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकजुटता, कला और सांस्कृतिक चेतना का सुंदर संदेश दिया।

हिन्दू उत्सव समिति ने मंच बनाकर पूजा कर पुजारियों का किया सम्मान

ग्यारस पर निकाले डोल,मंत्री टेटवाल ने अखाड़े में खेला डांडिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

डोल ग्यारस (जलझूलनी एकादशी) के पावन अवसर पर मंगलवार को सारंगपुर नगर में भगवान श्रीविष्णु एवं श्रीकृष्ण सहित विभिन्न देवी-देवताओं के भव्य डोल अखाड़ों, बैंड-बाजों और ढोल की धुन के साथ नगर भ्रमण पर निकले। डोल मंडई चैक से प्रारंभ होकर गांधी चैक सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए अपने-अपने मोहल्लों के मंदिरों में पहुंचे। इस दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और जगह-जगह डोल का स्वागत किया गया।

चल समारोह के दौरान राज्य मंत्री गौतम टेटवाल भी शामिल हुए। उन्होंने अखाड़े में पहुंचकर डांडिया खेलते हुए लकड़ी घुमाई और अखाड़े के कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। इससे समारोह में उत्साह का माहौल बन गया। सार्वजनिक हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष धुरव भल्ला के नेतृत्व में सकल हिन्दू समाज की ओर से नगर के विभिन्न मंदिरों से आए डोलों के लिए मंच बनाया गया। यहां डोलों की पूजा-अर्चना की गई तथा मंदिरों के पुजारियों का सम्मान किया गया। वहीं कतीया द्वारा बनाए गए आकर्षक डोल श्रद्धालुओं के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। समारोह में पृथ्वीराज टेटवाल,निलेश वर्मा,मुक्तिधाम सेवा समिति अध्यक्ष अनिल बारकिया, महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सोलंकी, सुशील व्यास, महेश पाटीदार, अशोक साहू, आशुतोष व्यास, वैभव पुष्पद, सतीश मिश्रा, प्रकाश पुरी सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

सार्वजनिक सूचना (नाम संशोधन के संबंध में)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै शपथकर्ता नारायण सिंह पिता हीरालाल जाति सोंधिया उम्र 43 वर्ष निवासी ग्राम जोडकिया तहसील राजगढ़, जिला राजगढ़ का निवासी हूं। मेरी पुत्री की अंकसूची (मार्कशीट) में मेरा नाम हरिनारायण सोंधिया है जबकि कि मेरा वास्तविक नाम नारायण सिंह सोंधिया है एवं मेरे आधार कार्ड, वोटर कार्ड, समग्र आईडी में भी मेरा नाम नारायण सिंह सोंधिया ही है।